कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उन्नाव।

पत्रांक सं0::मान्यता/ २/५/ /2026-27 दिनांक- 29-4-26

प्रबन्धक,
हाईटेक पब्लिक स्कूल,
ट्रान्स गंगा सिटी पिपरी, उन्नाव।

विषय–विद्यालय की मान्यता का स्थायी प्रमाण–पत्र निर्गत किये जाने के सम्वंध में।

उपर्युक्त विषयक के सम्बंध में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को प्रेषित अपने अदिनांकित प्रार्थना–पत्र का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसमें आप द्वारा हाईटेक पब्लिक स्कूल, ट्रान्स गंगा सिटी पिपरी, उन्नाव वर्ष–2018 से निरंतर सुचारू रूप से संचालित होने व मान्यता की शर्तों को पूर्ण करने के कम में स्थायी मान्यता घोषित करते हुए प्रमाण–पत्र प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

प्रकरण विषयक खण्ड शिक्षा अधिकारी, सि0सरोसी, उन्नाव से आख्या चाही गयी। खण्ड शिक्षा अधिकारी, सि0सरोसी उन्नाव अपने कार्यालय पत्र संख्या–बी0आर0सी0/क0आ0/111/2026–27 दिनांक 23.04.2026 के माध्यम से उपलब्ध करायी गयी आख्या में अवगत कराया गया है कि हाईटेक पब्लिक स्कूल पिपरी सि0सरोसी, उन्नाव संचालित है। विद्यालय में सी0बी0एस0सी0 बोर्ड द्वारा मान्यता पत्रांक CBSC/2133876/SS–00175–2223/2022–23 दिनांक 28.02.2022 द्वारा मान्यता कक्षा 01 से 12 तक दिनांक 01.04.2022 से 31.03.2027 तक की मान्यता प्राप्त है।

अतः उक्त के कम में आपको अवगत कराना है कि चूँकि आपका विद्यालय वर्तमान में सी0बी0एस0सी0 बोर्ड से कक्षा 01 से 12 तक मान्यता प्राप्त है जिसके कारण अधोहस्ताक्षरी के स्तर से स्थायी प्रमाण–पत्र निर्गत किया जाना सम्भव नहीं है।

29/04/26

(शैलेश कुमार पाण्डेय)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
उन्नाव।

Principal
Hi Tech Public School
Unnao